# डिफेंस इंडस्ट्रियल रोडमैप पर हस्ताक्षर

## भारत - जर्मनी में रक्षा क्षेत्र सहयोग में तेजी से हो रहे हैं सुधार : राजनाथ सिंह

▸ सह-विकास पर जोर, जर्मनी संग भारत की बड़ी पहल



**बर्लिन, 23 दिल्ली. भारत और जर्मनी के बीच रक्षा सहयोग को नई गति देने की दिशा में अहम पहल करते हुए राजनाथ सिंह ने बर्लिन में जर्मन रक्षा उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की. इस दौरान उन्होंने टेक्नोलॉजी के सह-विकास और सह-उत्पादन पर विशेष जोर देते हुए दोनों देशों के बीच सहयोग की अपार संभावनाओं को रेखांकित किया.**

बैठक में रक्षा उत्पादन, उन्नत तकनीक और औद्योगिक साझेदारी को लेकर व्यापक चर्चा हुई. बोरिस पिस्टोरियस के साथ हुई मुलाकात में 'डिफेंस इंडस्ट्रियल रोडमैप' पर हस्ताक्षर भी किए गए, जिसे दोनों देशों के रक्षा संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है. रक्षा मंत्री ने जर्मन कंपनियों से भारत के साथ मिलकर आधुनिक तकनीकों के विकास और उत्पादन में भागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि यह सहयोग न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करेगा.

### अत्याधुनिक पनडुब्बी तकनीक देखी

**कील/बर्लिन, 23 अप्रैल.** भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने आधिकारिक जर्मनी दौरे के दौरान कील शहर में स्थित प्रसिद्ध सबमरीन निर्माण कंपनी टीकेएमएस के प्लांट का दौरा किया। राजनाथ सिंह ने इस अनुभव को काफी जानकारी देने वाला बताते हुए कहा कि यहां प्रदर्शित तकनीक और ऑपरेशनल क्षमताएं बेहद प्रभावशाली हैं. उन्होंने कहा कि इस दौरे ने उन्हें समुद्री सुरक्षा और आधुनिक युद्ध प्रणाली के बदलते स्वरूप को समझने का अवसर दिया.

## कोरबा में पति ने पत्नी की गला काटकर की हत्या

**कोरबा, 23 अप्रैल.** छत्तीसगढ़ में कोरबा जिले के रजगामार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बुंदेली में बुधवार को एक युवक ने अपनी पत्नी की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी।पुलिस से आज मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम बुंदेली निवासी सालिक राम यादव ने पारिवारिक विवाद के चलते अपनी पत्नी छेक बाई की हत्या कर दी। घटना के समय उनके बच्चे भी घर पर मौजूद थे. आरोपी ने कथित तौर पर वारदात को अंजाम देने के बाद कटे हुए सिर के साथ गांव में घूमकर लोगों में भय फैला दिया. बताया जा रहा है कि आरोपी गांव के ही एक पोल्ट्री फार्म में चौकीदारी का कार्य करता था और वहीं अपने परिवार के साथ रहता था.

# 44 डिग्री तक पहुंच सकता है पारा

▸ देश में बढ़ेगी भीषण गर्मी आईएमडी ने जारी चेतावनी

▸ लू का कहर शुरू, कई राज्यों में ऑरेंज अलर्ट



**नई दिल्ली, 23 अप्रैल.**देशभर में गर्मी ने अब अपना प्रचंड रूप दिखाना शुरू कर दिया है. भारत मौसम विज्ञान विभाग के ताजा पूर्वानुमान के मुताबिक आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ेगा तथा कई राज्यों में लू की स्थिति गंभीर हो सकती है. पश्चिम बंगाल के गांगेय क्षेत्रों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में भी भीषण गर्मी का अनुमान है. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में भी अगले चार दिनों तक तापमान लगातार बढ़ने की संभावना जताई गई है, जहां पारा 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। तेज धूप और गर्म हवाएं लोगों के लिए परेशानी बढ़ा सकती हैं, जिससे जनजीवन प्रभावित होने की आशंका है।प्रशासन ने भी स्थिति को देखते हुए एडवाइजरी जारी कर दी है और लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। खासतौर पर दोपहर के समय बाहर निकलने से बचने और पर्याप्त पानी पीने की सलाह दी गई है.

# नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा महाविद्यालय में आयोजित




**सिरमौर 23 अप्रैल, यमुना प्रसाद शास्त्री महाविद्यालय सिरमौर के छात्राओं ने आयोजित गतिविधि निबंध प्रतियोगिता पोस्टर प्रतियोगिता व्याख्यान माला आदि में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया.**

प्रथम चरण में निब प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रुप मे डा.के के त्रिपाठी सहायक अध्यापक संस्कृत विभाग के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया. द्वितीय चरण में पोस्टर प्रतियोगिता नारी शक्ति बंधन के स्लोगन के रूप में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य रूप से महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉक्टर एस के दुबे उपस्थित रहे. महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन में व्याख्यान माला कानूनी अधिकार साइबर सुरक्षा विषय पर आयोजित की गई जिसके मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रचार डॉ ओपी द्विवेदी जी रहे उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज नारी का स्थान सबसे उच्च कोटि में है और उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का श्रेय मिल रहा है. नारी शक्ति बंधन कार्यक्रम में महाविद्यालय के पुस्तकालय अध्यक्ष श्री अशोक द्विवेदी प्रोफेसर विजय कुशवाहा विपुल मिश्रा प्रीति त्रिपाठी दिव्यांशी शुक्ला एवं महाविद्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे हैं.

### आज का इतिहास

1857 – मेरठ में 85 सैनिकों ने कारतूस के इस्तेमाल से इनकार कर 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का बिगुल फूंका था.

1877 – रूस ने ओटोमन साम्राज्य के खिलाफ युद्ध की घोषणा की.

1920 – पोलैंड की सेना ने यूक्रेन पर हमला किया.

1926 – बर्लिन संधि पर हस्ताक्षर हुए.

1945 – अमेरिका के एक कम्प्यूटर वैज्ञानिक लैरी टेस्लर का जन्म.

1954 – आस्ट्रेलिया और सोवियत संघ ने राजनयिक संबंध समाप्त किए.

## यूपी बोर्ड 12वीं में शिखा वर्मा बनीं टॉपर

**प्रयागराज/लखनऊ, 23 अप्रैल.** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा घोषित कक्षा 12वीं (इंटरमीडिएट) परीक्षा परिणाम 2026 में इस बार शानदार प्रदर्शन देखने को मिला है. कुल 80.38 प्रतिशत छात्र परीक्षा में सफल रहे, जो राज्य में शिक्षा के लगातार बेहतर होते स्तर को दर्शाता है। इस वर्ष सीतापुर की छात्रा शिखा वर्मा ने 97.60 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया और एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। शिखा की इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। परिणामों में एक बार फिर छात्राओं का दबदबा देखने को मिला, जिससे यह साफ है कि बेटियां लगातार शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रही हैं।दूसरे स्थान पर दो छात्राएं रहीं—नंदनी गुप्ता (97.20 प्रतिशत, बरेली) और श्रिया वर्मा (97.20प्रतिशत, बाराबंकी)। वहीं तीसरे स्थान पर सुरभि यादव (97.00प्रतिशत, बरेली) और पूजा पाल (97.00प्रतिशत, बाराबंकी) ने जगह बनाई





# धामी ने की पीएम मोदी के नाम प्रथम पूजा

▸ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच खुले बद्रीनाथ धाम के कपाट

**बद्रीनाथ (उत्तराखंड), 23 अप्रैल.** हिमालय की गोद में बसे पवित्र बद्रीनाथ धाम के कपाट गुरुवार सुबह विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए. इस शुभ अवसर पर पुष्कर सिंह धामी स्वयं मंदिर पहुंचे और भगवान भगवान विष्णु के स्वरूप बद्री विशाल की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की. विशेष रूप से उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से पहली आराधना की, जिसे एक महत्वपूर्ण धार्मिक और प्रतीकात्मक पहल माना जा रहा है. इस अवसर पर पूरा धाम भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर नजर आया. कपाट खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा 2026 का विधिवत शुभारंभ भी हो गया. देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।मुख्यमंत्री धामी ने इस मौके को आध्यात्मिक रूप से अत्यंत विशेष बताते हुए प्रदेश और देशवासियों की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की. उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम यात्रा अनुभव देना है.

# भारत-मिस्र रक्षा सहयोग को नई मजबूती

▸ रक्षा सहयोग बढ़ाने पर भारत-मिस्र सहमत

**नई दिल्ली 23 अप्रैल। भारत और मिस्र ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को प्रगाढ बनाने के लिए द्विपक्षीय रक्षा सहयोग योजना पर सहमति व्यक्त की है।**

भारत-मिस्र संयुक्त रक्षा समिति ने बुधवार को काहिरा में संपन्न् तीन दिन की अपनी 11वीं बैठक के दौरान द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को सुदृढ़ करने के लिए सार्थक चर्चा की। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संयुक्त सचिव (अंतरराष्ट्रीय सहयोग) अमिताभ प्रसाद ने किया और इसमें रक्षा मंत्रालय तथा सशस्त्र बलों के वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल थे। मिस्र के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रक्षा बलों और रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने किया।रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि दोनों पक्षों ने पिछली संयुक्त रक्षा समिति बैठक के बाद हुई प्रगति की व्यापक समीक्षा की और रक्षा सहभागिता के लिए एक भविष्य उन्मुख रूपरेखा तैयार की। उन्होंने 2026-27 के लिए द्विपक्षीय रक्षा सहयोग योजना पर सहमति व्यक्त की, जिसमें संरचित सैन्य संपर्क तंत्र का विस्तार, संयुक्त प्रशिक्षण आदान-प्रदान को मजबूत करना, समुद्री सुरक्षा सहयोग को बढ़ाना.

# नेपाल के गृह मंत्री सुदान गुरुंग ने दिया इस्तीफा



**काठमांडू, 23 अप्रैल। नेपाल की राजनीति में उस समय हलचल मच गई जब देश के गृह मंत्री सुदान गुरुंग ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया. मनी लॉन्ड्रिंग और संपत्ति से जुड़े विवादों के बीच उठाए गए इस कदम को नैतिक जिम्मेदारी से जुड़ा बड़ा फैसला माना जा रहा है.**

नेपाली मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बिजनेसमैन दीपक भट्टा के साथ कथित संबंधों और वित्तीय लेनदेन को लेकर जांच चल रही है, जिससे यह विवाद गहराता गया. गुरुंग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक के जरिए अपने इस्तीफे की घोषणा करते हुए कहा कि निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने और किसी भी संभावित हितों के टकराव से बचने के लिए उन्होंने यह फैसला लिया है. उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके लिए पद से अधिक नैतिकता और जन विश्वास महत्वपूर्ण है. बालेंद्र शाह के नेतृत्व वाली सरकार में यह हाल के समय में दूसरा बड़ा इस्तीफा है.

# मतदान केंद्रों पर दिखी लोगों की लंबी कतारें



**कोलकाता 23 अप्रैल.** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के पहले चरण में रिकॉर्ड मतदान ने सभी को चौंका दिया है। 152 सीटों पर हुई वोटिंग में भारी जनभागीदारी देखने को मिली, जिसने इस चुनाव को खास बना दिया। हिंसा और झड़पों के बीच बंगाल के लोगों ने पुरे उत्साह के साथ मतदान किया। मतदान केंद्रों पर लोगों की लंबी कतारे देखने को मिली। जहां एक ओर सत्तारूढ़ पक्ष इसे जनता का समर्थन बता रहा है, वहीं विपक्ष इसे सत्ता परिवर्तन का संकेत मान रहा है।

# ट्रम्प ने की भारत पर आपत्तिजनक टिप्पणी

▸ अमेरिका में बच्चों को जन्म देकर नागरिकता लेते हैं



**वॉशिंगटन डीसी, 23 . अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प एक बार फिर विवादों में हैं. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें भारत और चीन को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई हैं.**

यह पोस्ट अमेरिकी लेखक और रेडियो होस्ट माइकल सैवेज की चिट्ठी पर आधारित है, जिसमें 'बर्थराइट सिटिजनशिप' यानी जन्म के आधार पर नागरिकता देने की नीति की आलोचना की गई है.

इस पोस्ट के सामने आने के बाद कूटनीतिक स्तर पर भी हलचल देखी जा रही है. भारत का विदेश मंत्रालय ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उसने संबंधित रिपोर्ट्स पर ध्यान दिया है. ट्रम्प का यह कदम ऐसे समय में सामने आया है. जब अमेरिका में आव्रजन और नागरिकता से जुड़े मुद्दे फिर से राजनीतिक बहस का केंद्र बन रहे हैं.

डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा शेयर किया गया एक विवादित पोस्ट अमेरिका और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बन गया है. इस पोस्ट में अमेरिकी लेखक माइकल सैवेज की एक चिट्ठी का जिक्र है, जिसमें भारत और चीन को लेकर आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया है और 'बर्थराइट सिटिजनशिप' पर सवाल उठाए गए हैं. पोस्ट में आरोप लगाया गया है कि कुछ प्रवासी अमेरिका में बच्चों को जन्म देकर उन्हें नागरिकता दिलाते हैं और बाद में उसी आधार पर अपने परिवार के अन्य सदस्यों को भी वहां बुला लेते हैं.

## सीबीएसई ने डेटशीट जारी की; 15 से 21 मई तक होंगी परीक्षाएं

**नई दिल्ली, 23 अप्रैल।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने गुरुवार को 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं के दूसरे चक्र (सेकंड साइकिल) के लिए डेटशीट जारी कर दी है। इसके अनुसार, परीक्षाएं 15 से 21 मई, 2026 तक आयोजित की जाएंगी।इस वर्ष शुरू की गयी दो-परीक्षा प्रणाली के तहत, दूसरे चक्र की शुरुआत गणित (बेसिक और स्टैंडर्ड) के पेपर के साथ होगी और समापन 21 मई को सामाजिक विज्ञान की परीक्षा के साथ होगा।यह दूसरा प्रयास वैकल्पिक है और छात्रों को अधिकतम तीन विषयों में अपने स्कोर सुधारने का अवसर प्रदान करता है.

## अमित शाह बोले- बंगाल में बदलाव तय है



पुरसुराह (पश्चिम बंगाल), 23 अप्रैल. अमित शाह ने पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। पुरसुराह में आयोजित जनसभा में उन्होंने राज्य में कानून-व्यवस्था और घुसपैठ के मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए बदलाव की अपील की।शाह ने कहा कि राज्य की जनता मौजूदा सरकार से परेशान है और अब परिवर्तन चाहती है। उन्होंने दावा किया कि आगामी चुनाव में जनता का गुस्सा मतदान के रूप में सामने आएगा। उन्होंने घुसपैठ के मुद्दे को राज्य की सुरक्षा से जोड़ते हुए इसे गंभीर चुनौती बताया।केंद्रीय गृह मंत्री ने राज्य सरकार पर 'जंगल राज' चलाने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि किसानों की जमीन पर कब्जा और कथित सिंडिकेट राज से गरीब वर्ग प्रभावित हो रहा है। शाह के अनुसार, यह स्थिति बदलने की आवश्यकता है और भाजपा इसे समाप्त करेगी।किसानों के मुद्दे पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि आलू किसानों को उचित मूल्य नहीं मिल रहा है और निर्यात पर प्रतिबंध से उन्हें नुकसान हो रहा है। उन्होंने वादा किया कि भाजपा सरकार बनने पर किसानों को राहत और बेहतर बाजार उपलब्ध कराया जाएगा।शाह ने मतदाताओं से अपील की कि वे बिना डर के मतदान करें। उन्होंने कहा कि कुछ क्षेत्रों में भय का माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन जनता को निर्भय होकर अपने मताधिकार का उपयोग करना चाहिए।

## बंगाल चुनाव में हिंसा, 10 जगहों पर बवाल

**कोलकाता, 23 अप्रैल।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के दौरान व्यापक हिंसा और झड़पों ने चुनावी माहौल को तनावपूर्ण बना दिया। राज्य के कई जिलों—मुर्शिदाबाद, आसनसोल, मालदा, सिलीगुड़ी और कूचबिहार—से मारपीट, पथराव और हंगामे की खबरें सामने आईं। मुर्शिदाबाद में हुमायूं कबीर की कार को घेरकर हमला किया गया, जबकि दक्षिण दिनाजपुर में भाजपा उम्मीदवार सुवेंदु सरकार को दौड़ाकर पीटा गया। वहीं आसनसोल में अग्निमित्रा पॉल की गाड़ी पर पथराव हुआ।इन घटनाओं के बीच भारतीय चुनाव आयोग और केंद्रीय सुरक्षा बल हालात को नियंत्रित करने में जुटे रहे, लेकिन कई जगहों पर हालात बिगड़ते नजर आए। सिलीगुड़ी में भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच विवाद हिंसक झड़प में बदल गया, जिसे सुरक्षा बलों ने नियंत्रित किया।दक्षिण दिनाजपुर के कुमारगंज में सुवेंदु सरकार पर हमला हुआ। आरोप है कि उन्हें लाठियों और घूंसों से पीटा गया, जिससे उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा। इसी तरह बीरभूम में ईवीएम खराब होने के बाद गुस्साए लोगों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों पर पथराव कर दिया।मालदा में ईवीएम खराबी को लेकर हंगामा हुआ.

## तमिलनाडु में रोबोट ने किया मतदाताओं का स्वागत

**चेन्नई, 23 अप्रैल.** मतदाताओं को लुभाने की एक अनोखी पहल के तहत तमिलनाड के वेल्लोर और कोयंबटूर में मतदान केंद्रों में प्रवेश करने वाले सभी मतदाताओं का स्वागत और अभिनंदन रोबोट ने किया।इन रोबोटों ने पीने के पानी की बोतलें भी उपलब्ध कराईं, ताकि गुरुवार को तमिलनाडु में विधानसभा चुनावों के दौरान भीषण गर्मी और लू की स्थिति में मतदाताओं को डिहाइड्रेशन (पानी की कमी) से बचाया जा सके।यहां प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार, मतदाताओं को एक सुखद आश्चर्य का अनुभव हुआ, जब एक जी1 ह्यूमनॉइड रोबोट ने उनका स्वागत किया। इस रोबोट ने एक संदेश के माध्यम से अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करने के महत्व पर जोर दिया, जिससे मतदाताओं के बीच जागरूकता पैदा हुई। ह्यूमनॉइड रोबोट वाला यह %आदर्श मतदान केंद्र वेल्लोर के सरकारी मुस्लिम उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्थापित किया गया था.

वेबसाइट लॉन्च ▸ अफ्रीका के बिना विकास अधूरा

# इंडिया-अफ्रीका में बढ़ेगा सहयोग : जयशंकर




**नई दिल्ली, 23 अप्रैल। भारत और अफ्रीका के बीच रणनीतिक साझेदारी को नया आयाम देने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए डॉ. एस. जयशंकर ने चौथे इंडिया-अफ्रीका फोरम समिट का लोगो, थीम और वेबसाइट लॉन्च की। यह समिट 31 मई 2026 को नई दिल्ली में आयोजित होगा, जिसमें पूरे अफ्रीकी महाद्वीप के नेता और अफ्रीकन यूनियन कमीशन के प्रतिनिधि शामिल होंगे.**

इस अवसर पर जयशंकर ने भारत-अफ्रीका संबंधों की गहराई को रेखांकित करते हुए कहा कि अफ्रीका के विकास के बिना भारत का विकास अधूरा है। उन्होंने दोनों क्षेत्रों के बीच सहयोग को समानता, सम्मान और साझा समृद्धि पर आधारित बताया।यह समिट न केवल द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने का मंच बनेगा, बल्कि व्यापार, तकनीक, विकास और वैश्विक मुद्दों पर सहयोग के नए रास्ते भी खोलेगा। इससे पहले 28 और 29 मई को वरिष्ठ अधिकारियों और विदेश मंत्रियों की बैठकें भी आयोजित की जाएंगी।जयशंकर ने अपने संबोधन में भारत-अफ्रीका संबंधों के ऐतिहासिक और भावनात्मक पहलुओं को भी रेखांकित किया. उन्होंने कहा कि अफ्रीका की स्वतंत्रता और विकास भारत की अपनी यात्रा से जुड़ा हुआ है और दोनों क्षेत्रों की प्रगति एक-दूसरे पर निर्भर है. उन्होंने यह भी बताया कि भारत की विकास साझेदारी और क्षमता निर्माण कार्यक्रम अफ्रीकी देशों की प्राथमिकताओं के अनुरूप संचालित हो रहे हैं।

डिजिटल टेक्नोलॉजी, फिनटेक और इनोवेशन जैसे क्षेत्रों में सहयोग तेजी से बढ़ रहा है, जिससे अफ्रीकी अर्थव्यवस्थाओं को नई दिशा मिल रही है।इसके अलावा, इंटरनेशनल सोलर अलायंस, ग्लोबल बायोफ्यूल्स अलायंस, कोएलिशन फॉर डिजास्टर रेजिलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर और इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस जैसे वैश्विक मंचों पर भारत-अफ्रीका सहयोग को और मजबूत किया जा रहा है.